web: www.nyaysakshi.com | पृष्ठ-2 में पढ़ें संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-खाना खजाना-राशिफल | पृष्ठ-3 में पढ़ें छत्तीसगढ़-प्रादेशिक

दैनिक

# न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक

Govt. Registered Social Justice Union


**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, गुरुवार 11 मई 2023 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-05, अंक- 222

### हाईस्कूल एवं हायर सेकेंडरी मुख्य परीक्षा 2023 के परिणाम घोषित

# हाई स्कूल में 75.05 प्रतिशत और हायर सेकेण्डरी में 79.96 प्रतिशत परीक्षार्थी उत्तीर्ण : टॉप टेन में आने वाले विद्यार्थी करेंगे हेलीकॉप्टर राइड

- मुख्यमंत्री ने स्वामी आत्मानंद स्कूल के विद्यार्थियों के शानदार प्रदर्शन पर जताई प्रसन्नता
- हायर सेकेण्डरी की मेरिट लिस्ट के टॉप टेन में स्वामी आत्मानंद स्कूल के 5 और हाई स्कूल की मेरिट लिस्ट के टॉप टेन में 10 विद्यार्थी शामिल
- हाईस्कूल में परीक्षा में 79.16 प्रतिशत बालिका तथा 70.26 प्रतिशत बालक उत्तीर्ण
- हायर सेकण्डरी में उत्तीर्ण बालिकाओं का प्रतिशत 83.84 तथा बालकों का प्रतिशत 75.36



**रायपुर ।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा घोषित किए गए कक्षा 10वीं और कक्षा 12वीं की बोर्ड परीक्षा के परिणाम में सफल विद्यार्थियों को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। मुख्यमंत्री ने कहा है कि इस परीक्षा में जो विद्यार्थी सफल नहीं हो पाए हैं, वे निराश न हों यह देखें कि कहां कमी रह गई है, लगन और मेहनत से पढ़ाई कर फिर से प्रयास करें, उन्हें सफलता अवश्य मिलेगी। उन्होंने ट्वीट कर कहा है कि बोर्ड परीक्षा की मेरिट लिस्ट के टॉप टेन में आने वाले विद्यार्थियों को इस वर्ष भी हेलीकॉप्टर राइड कराई जाएगी।

मुख्यमंत्री ने स्वामी आत्मानंद स्कूल के विद्यार्थियों के शानदार प्रदर्शन पर भी प्रसन्नता जताई। कक्षा 12वीं बोर्ड परीक्षा के मेरिट लिस्ट के टॉप टेन स्थान में स्वामी आत्मानंद स्कूल के 5 विद्यार्थी शामिल हैं, इसी प्रकार 10वीं बोर्ड परीक्षा की मेरिट लिस्ट के टॉप टेन स्थान पर स्वामी आत्मानंद स्कूल के 10 विद्यार्थी शामिल हैं।

स्कूल शिक्षा मंत्री डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम ने छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा आयोजित हाई स्कूल एवं हायर सेकेण्डरी स्कूल सर्टिफिकेट मुख्य परीक्षा 2023 के परिणाम घोषित करते हुए सफल छात्रों को बधाई और शुभकामनाएं दी और जो विद्यार्थी परीक्षा में उत्तीर्ण नहीं हो पाए हैं, वे हौसला बनाए रखें और मेहनत के साथ पढ़ाई करें। इस अवसर पर संसदीय सचिव द्वारिकाधीश यादव, माध्यमिक शिक्षा मण्डल के अध्यक्ष डॉ. आलोक शुक्ला, सचिव प्रोफेसर व्ही. के.गोयल सहित मण्डल के सदस्यगण, अधिकारी एवं कर्मचारी भी उपस्थित थे।

कक्षा 10वीं बोर्ड परीक्षा के टॉप टेन में कुल 48 विद्यार्थी और 12वीं बोर्ड परीक्षा के मेरिट लिस्ट के टॉप टेन में 30 विद्यार्थी हैं। 10वीं बोर्ड परीक्षा की मेरिट लिस्ट में स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट हिन्दी मीडियम स्कूल जशपुर के राहुल यादव ने 98.83 प्रतिशत अंक के साथ प्रथम स्थान, स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल जशपुर के सिकंदर यादव ने 98.67 प्रतिशत अंक के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। 10वीं की मेरिट लिस्ट में ट्राईबल क्षेत्र के 19 विद्यार्थियों में जशपुर के 12, कांकेर के 4, सरगुजा के 2, सूरजपुर के एक विद्यार्थी शामिल है। मेरिट लिस्ट में 28 छात्राएं, 20 छात्र शामिल हैं, इनमें शासकीय स्कूल के 23 और निजी स्कूल के 25 विद्यार्थियों ने मेरिट में स्थान बनाया है।

12वीं की बोर्ड परीक्षा की मेरिट लिस्ट में अभिनव व्ही.एम. हायर सेकेण्डरी स्कूल पुसौर रायगढ़ की विधि भोसले ने 98.20 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम स्थान, अनुनय कॉन्वेंट हायर सेकेण्डरी स्कूल सक्ती जांजगीर-चांपा के विवेक अग्रवाल ने 97.40 अंकों के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। 12 की मेरिट लिस्ट में 18 छात्राओं और 12 छात्रों ने स्थान प्राप्त किया है। टाईबल क्षेत्र के 2 विद्यार्थियों में एक कांकेर और एक जशपुर का विद्यार्थी शामिल हैं। मेरिट में स्थान बनाने वाले विद्यार्थियों में 11 शासकीय तथा 19 निजी विद्यालयों के छात्र शामिल हैं।

शिक्षा मण्डल द्वारा आयोजित 10वीं-12वीं बोर्ड की मुख्य परीक्षा के परिणाम गत वर्ष की तुलना में इस वर्ष बेहतर आए हैं। 10वीं बोर्ड परीक्षा में इस वर्ष 75.05 प्रतिशत विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए हैं, जो कि गत वर्ष की तुलना में 0.82 प्रतिशत ज्यादा है। इसी तरह 12वीं बोर्ड परीक्षा में इस वर्ष 79.96 प्रतिशत विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए हैं, जो कि गत वर्ष की तुलना में 0.66 प्रतिशत ज्यादा हैं। हाई स्कूल में 70.26 प्रतिशत बालक एवं 79.16 प्रतिशत बालिका उत्तीर्ण हुई हैं, जबकि हायर सेकेण्डरी में 75.36 प्रतिशत बालक एवं 83.64 प्रतिशत बालिका उत्तीर्ण हुई हैं।

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा आयोजित हाईस्कूल सर्टिफिकेट मुख्य परीक्षा वर्ष 2023 में कुल 3,37,559 परीक्षार्थी पंजीकृत हुये। इनमें से 3,30,681 परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुये, जिनमें से 1,52,891 बालक तथा 1,77,790 बालिकायें सम्मिलित हुई, जिनमें से 3,30,055 परीक्षार्थियों के परीक्षा परिणाम घोषित किये गये घोषित परीक्षा परिणाम में से उत्तीर्ण परीक्षार्थियों की कुल संख्या 2,47,721 है अर्थात् कुल 75.05 प्रतिशत परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुये उत्तीर्ण बालिकाओं का प्रतिशत 79.16 तथा बालकों का प्रतिशत 70.26 है। सम्मिलित परीक्षार्थियों में प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण परीक्षार्थियों की संख्या 1,09,903 (33.30 प्रतिशत) है, द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण परीक्षार्थियों की संख्या 1.19,901 (36.32 प्रतिशत) है तथा तृतीय श्रेणी में उत्तीर्ण परीक्षार्थियों की संख्या 17,914 (5.43 प्रतिशत) है। 03 परीक्षार्थी पास श्रेणी में उत्तीर्ण हुये हैं। 17,923 परीक्षार्थियों को पूरक की पात्रता है। कुल 626 परीक्षार्थियों के परिणाम विभिन्न कारणों से रोके गये हैं, जिनमें 16 परीक्षार्थियों के परिणाम नकल प्रकरण के कारण रोके गये हैं तथा 281 परीक्षार्थी का पात्रता के अभाव में परीक्षा आवेदन निरस्त किये गये हैं तथा 324 परीक्षार्थियों के परीक्षा परिणाम जांच की श्रेणी में रोका गया है। इसके अतिरिक्त 05 परीक्षार्थियों के परीक्षा परिणाम बाद में घोषित किये जायेंगे।

वर्ष 2022 हाईस्कूल सर्टिफिकेट मुख्य परीक्षा में कुल 3,63,301 परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुये थे, जिनमें से 1,71,539 बालक तथा 191,762 बालिकायें सम्मिलित हुई थीं सम्मिलित परीक्षार्थियों के उत्तीर्ण का प्रतिशत 74.23 था इस प्रकार गतवर्ष से इस वर्ष परीक्षा परिणाम में लगभग 0.82 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

हायर सेकण्डरी स्कूल सर्टिफिकेट मुख्य परीक्षा वर्ष 2023 में कुल 3,28,121 परीक्षार्थी पंजीकृत हुये। इनमें से 3,23,625 परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुये, जिनमें से 1,43,919 बालक तथा 179,706 बालिकायें सम्मिलित हुई, जिनमें से 3,23,266 परीक्षार्थियों के परीक्षा परिणाम घोषित किये गये। घोषित परीक्षा परिणाम में से उत्तीर्ण परीक्षार्थियों की कुल संख्या 2,58,500 है अर्थात् कुल 79.96 प्रतिशत परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुये उत्तीर्ण बालिकाओं का प्रतिशत 83.84 तथा बालकों का प्रतिशत 75.36 है। सम्मिलित परीक्षार्थियों में प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण परीक्षार्थियों की संख्या 87,140 (26.96 प्रतिशत) है, द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण परीक्षार्थियों की संख्या 1,45,965 (45.15 प्रतिशत) है तथा तृतीय श्रेणी में उत्तीर्ण परीक्षार्थियों की संख्या 25.377 (7.85 प्रतिशत) है 18 परीक्षार्थी पास श्रेणी में उत्तीर्ण हुये हैं। 22.751 परीक्षार्थियों को पूरक की पात्रता है।

कुल 359 परीक्षार्थियों के परिणाम विभिन्न कारणों से रोके गये, जिसमें 30 परीक्षार्थियों के परिणाम नकल प्रकरण के कारण, 279 परीक्षार्थी पात्रता के अभाव में परीक्षा आवेदन निरस्त किये गये हैं तथा 43 परीक्षार्थियों के परीक्षा परिणाम जांच की श्रेणी में रोका गया है। इसके अतिरिक्त 07 परीक्षार्थियों के परीक्षा परिणाम बाद में घोषित किये जायेंगे।

वर्ष 2022 हायर सेकण्डरी स्कूल सर्टिफिकेट मुख्य परीक्षा में कुल 2,87,673 परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुये थे, जिनमें से 129,213 बालक तथा 1,58,460 बालिकायें सम्मिलित हुई थीं। सम्मिलित परीक्षार्थियों के उत्तीर्ण का प्रतिशत 79.30 था। इस प्रकार गतवर्ष से इस वर्ष परीक्षा परिणाम में लगभग 0.88 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। इस वर्ष हाईस्कूल परीक्षा में 2,418 एवं हायर सेकण्डरी में 2,308 परीक्षा केन्द्र तथा 29 समन्वय केन्द्र बनाये गये थे।

छत्तीसगढ़ शासन स्कूल शिक्षा विभाग के आदेशानुसार शैक्षणेत्तर गतिविधियों में हाईस्कूल परीक्षा में 1,286 एवं हायर सेकण्डरी में 1,913 कुल 3,199 छात्रों को बोनस अंक प्रदान किये गये हैं। वर्ष 2022 में हाईस्कूल परीक्षा में 1571 तथा हायर सेकण्डरी परीक्षा में 1643 कुल 3,214 छात्रों को बोनस अंक प्रदान किया गया था। मण्डल द्वारा लिये गये निर्णय अनुसार प्रावीण्य सूची में शैक्षणेत्तर गतिविधियों के अंक नहीं जोड़े जाने का निर्णय लिया गया है अतः इस वर्ष बोनस अंक को छोड़कर अस्थाई प्रावीण्य सूची तैयार की गई है। परीक्षा परिणाम माध्यमिक शिक्षा मंडल की वेबसाइट https://results.cg.nic.in/ तथा वेबसाइट http://cgbse.nic.in/ पर उपलब्ध है।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### अमेरिका ने हवाई यात्रा के लिए कोविड टीकाकरण की अनिवार्यता समाप्त की

**वाशिंगटन।** अमेरिका में 25 अक्टूबर 2021 में अंतरराष्ट्रीय हवाई यात्रा के लिए शुरू की गई कोविड-19 टीकाकरण की अनिवार्यता को समाप्त कर दिया है। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन ने आज यहां की गई नई उद्घोषणा में कहा कि हमने जो प्रगति की है और हमारे सार्वजनिक स्वास्थ्य विशेषज्ञों के नवीनतम मार्गदर्शन के आधार पर मैंने यह निर्धारित किया है कि हमें अक्टूबर 2021 में लगाए गए अंतरराष्ट्रीय हवाई यात्रा प्रतिबंधों की आवश्यकता नहीं है। बाइडेन के अनुसार, महामारी की शुरुआत के बाद से कोविड-19 मामले और मौतें सबसे निचले स्तर पर हैं, जबकि अमेरिका के पास अब उच्च परिणाम के नए संस्करण के संभावित उद्भव का पता लगाने और इससे निपटने के साधन हैं। उन्होंने कहा कि नई उद्घोषण 12 मई से प्रभावी होगी। उल्लेखनीय है कि अभी तक गैर-अमेरिकी नागरिकों, अमेरिकी नागरिकों, या वैध स्थायी निवासियों को अमेरिका आने के लिए विमान पर सवार होने से पहले कोविड-19 के पूरे टीकाकरण का प्रमाण दिखाना आवश्यक है।

### नदी में नाव पलटने से बड़ा हादसा, 17 बच्चों की मौत, कई लापता

**अबुजा।** नाइजीरिया के पश्चिमोत्तर राज्य सोकोतो में एक नाव के पलटने से कम से कम 17 बच्चों की मौत हो गयी और कई अन्य लापता हो गए है। एक स्थानीय सरकारी अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। सोकोतो के शागरी स्थानीय सरकारी क्षेत्र के प्रमुख अलियू दांतानी ने फोन पर बताया कि यह घटना मंगलवार को तब हुई जब कई किशोरों को जलाने वाली लकड़ी लाने के लिए ले जा रही नाव क्षेत्र की नदी में पलट गयी। इससे पहले भारत में केरल के मलप्पुरम जिले के तनूर इलाके में थूवलथीरम समुद्र तट के पास एक हाउसबोट पलट गई थी। इस हादसे में 22 लोगों की मौत हो गई। नाव में 40 लोग सवार थे। घटना के बाद तैरकर सुरक्षित स्थान पर पहुंचे एक युवक ने बताया कि हाउसबोट पर कम से कम 40-50 लोग सवार थे।

## भयंकर तूफान में बदला चक्रवात 'मोचा', भारी बारिश की चेतावनी



**भुवनेश्वर (आरएनएस)।** स्काइमेट वेदर के अनुसार दक्षिण पूर्व बंगाल की खाड़ी और इससे सटे दक्षिण अंडमान सागर के ऊपर एक कम दबाव का क्षेत्र विकसित हो गया है. यह आज एक डिप्रेशन में बदल सकता है। इसके बाद बंगाल की मध्य खाड़ी और उससे सटे उत्तर अंडमान सागर की ओर लगभग उत्तर की ओर बढ़ते हुए एक चक्रवाती तूफान के रूप में तीव्र होने की संभावना है, जिसके बाद अंडमान निकोबार में अगले दो दिन भारी से भारी बारिश कि चेतावनी दी गई है। बुधवार दोपहर तक यह स्पष्ट होगा कि चक्रवात 'मोचा' किन-किन रास्तों से होकर गुजरेगा। मौसम वैज्ञानिकों के मुताबिक़ इसके बांग्लादेश और म्यांमार के तरफ जाने का अंदेशा है। चक्रवात की वजह से उड़ीसा और पश्चिम बंगाल के समुद्री तट पर तेज हवाएं चलेंगी। गुरुवार को यह तूफ़ान और ताकतवर होगा। कई जगह समुद्री तट पर भारी बारिश का अलर्ट भी मौसम विभाग ने दिया है। अंडमान में बुधवार के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है।

भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने कहा कि बंगाल की खाड़ी के ऊपर बन रहा चक्रवात मोचा शुक्रवार, 12 मई तक बहुत भयंकर तूफान में तब्दील हो सकता है, जहां हवा की गति 130 किमी प्रति घंटे तक पहुंच सकती है। चक्रवात के 9 मई को और तीव्र होकर 10 मई को चक्रवात 'मोचा' में तब्दील होने की संभावना है। मौसम विभाग ने भविष्यवाणी की है कि तूफान के 12 मई के आसपास बांग्लादेश और म्यांमार के तटों की ओर बढ़ने की उम्मीद है।

आईएमडी के अनुसार, सोमवार को बंगाल की दक्षिण पूर्व खाड़ी और इससे सटे दक्षिण अंडमान सागर के ऊपर एक कम दबाव का क्षेत्र पहले ही बन चुका है। आईएमडी ने कहा कि बंगाल की खाड़ी के दक्षिण-पूर्व में एक बड़े तूफान ने भाप लेना शुरू कर दिया है और बुधवार तक इसके एक चक्रवात में तेज होने की उम्मीद है।

भारत मौसम विभाग ने कहा कि अच्छी तरह से चिह्नित कम दबाव वाला क्षेत्र मंगलवार शाम को 45 से 55 किमी प्रति घंटे की हवा की गति और दक्षिण-पूर्व बंगाल की खाड़ी में 65 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवा के दबाव में केंद्रित हो गया है। आईएमडी कहा कि मौसम प्रणाली के बुधवार सुबह 5130 बजे तक एक गहरे दबाव में बदलने और अगले 12 घंटों में चक्रवात मोचा में बदलने की उम्मीद है, जहां हवा 80-90 किमी प्रति घंटे और 100 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चल सकती है।

## बद्रीनाथ में चढ़ावे के लिए क्यूआर कोड लगाने के मामले की जांच के लिए एसआईटी गठित

**देहरादून (आरएनएस)।** बदरीनाथ धाम में कपाट खुलने के मौके पर चढ़ावे के लिए क्यूआर कोड के बोर्ड लगाए गए थे। जिसमें बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति की ओर से पुलिस में शिकायत दर्ज कराई गई थी। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। बदरीनाथ धाम में चढ़ावे के लिए क्यूआर कोड लगाने के मामले की जांच के लिए पुलिस ने एसआईटी (विशेष जांच टीम) गठित कर दी है। पुलिस उपाधीक्षक नताशा सिंह के पर्यवेक्षण में टीम मामले की जांच करेगी। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक प्रमेंद्र डोबाल ने निर्देश दिए हैं कि मामले के निस्तारण के लिए साइबर सेल से समन्वय बनाकर पूरी जानकारी एकत्रित की जाए। उन्होंने पुलिस उपाधीक्षक नताशा सिंह को प्रतिदिन की गई कार्रवाई से अवगत कराने के भी निर्देश दिए। पुलिस की ओर से गठित टीम में बदरीनाथ कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक कैलाश चंद्र भट्ट, प्रभारी एसओजी चमोली नवनीत भंडारी और कांस्टेबल एसओजी आशुतोष भंडारी शामिल हैं।

## मनी लांड्रिंग : ब्रिटेन में भारतीय मूल के पुरुषों, महिलाओं सहित 16 दोषी

**लंदन।** अंतरराष्ट्रीय धन शोधन और लोगों की तस्करी में शामिल पश्चिम लंदन के एक संगठित अपराध समूह की जांच के बाद भारतीय मूल के पुरुषों और महिलाओं सहित 16 लोगों को दोषी ठहराया गया है। राष्ट्रीय अपराध एजेंसी (एनसीए) ने मंगलवार को यह जानकारी दी। आरोपियों ने 2017 और 2019 के बीच दुबई में कई यात्राएं कीं और धन शोधन के तहत काफी नकदी ब्रिटेन से बाहर पहुंचाई। एनसीए जांचकर्ताओं का मानना है कि यह धनराशि प्रतिबंधित ''श्रेणी ए'' दवाओं की बिक्री और संगठित आव्रजन अपराध से अर्जित की गई थी। एनसीए के वरिष्ठ जांच अधिकारी क्रिस हिल ने कहा, ' वाणिज्यिक पैमाने पर धनशोधन और संगठित अप्रवासी अपराध में शामिल एक संगठित अपराध समूह की विस्तृत जांच की गई।'' उन्होंने कहा कि यह मामला जनता की सुरक्षा के लिए एनसीए की प्रतिबद्धता को दिखाता है और लोगों की तस्करी और धनशोधन दोनों में शामिल आपराधिक नेटवर्क को निशाना बनाया गया है। उन्होंने बताया कि पहले मुकदमे में चरण सिंह, वलजीत सिंह, जसबीर सिंह कपूर, जसबीर सिंह ढल को आपराधिक धन को ठिकाने लगाने और धनशोधन मामले में दोषी पाया गया।

## इमरान खान को कोर्ट ने 8 दिन की एनएबी रिमांड पर भेजा, पूर्व विदेश मंत्री शाह महमूद कुरैशी भी गिरफ्तार

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को कोर्ट ने 8 दिन की रिमांड पर भेज दिया है। अल-कादिर ट्रस्ट मामले में एनएबी इमरान खान से पूछताछ करेगी। इससे पहले राष्ट्रीय जवाबदेही ब्यूरो (एनएबी) ने 14 दिन की कस्टडी की मांग की थी। अब उन्हें 17 मई को फिरसे कोर्ट के सामने पेश किया जाएगा। पाकिस्तान के पूर्व विदेश मंत्री शाह मसूद कुरैशी को भी गिरफ्तार कर लिया गया है।



पाकिस्तानी मीडिया के मुताबिक पेशावर में इमरान ख़ान की गिरफ़्तारी के बाद गुस्साए प्रदर्शनकारियों की पुलिस से झड़प हुई और उन्होंने रेडियो पाकिस्तान की इमारत समेत पेशावर की कई इमारतों में आग लगा दी है।

इमरान खान को लगातार एक के बाद एक झटके लग रहे हैं। एक सत्र अदालत तोशखाना मामले में पीटीआई प्रमुख के आरोप तय कर दिए हैं। दोनों सुनवाई इस्लामाबाद पुलिस लाइंस में हुई जिसे कड़ी सुरक्षा के बीच मंगलवार देर रात अदालत स्थल का दर्जा दिया गया था। सुनवाई की अध्यक्षता न्यायाधीश मोहम्मद बशीर कर रहे थे। पीटीआई अध्यक्ष के वकील ख्वाजा हारिस ने कोर्ट के फैसले का विरोध किया। उन्होने कहा, सभी को निष्पक्ष सुनवाई का अधिकार है।

## बाघ टी-104 को रास नहीं आया उदयपुर, आने के कुछ घंटों में तोड़ा दम

**उदयपुर (आरएनएस)।** रणथंभौर सेंचुरी के सबसे खूंखार बाघ टी—104 को उदयपुर रास नहीं आया। सज्जनगढ़ बायालॉजिकल पार्क में शिफ्ट किए जाने के कुछ घंटों बाद ही उसने दम तोड़ दिया। इससे पहले वह साढ़े तीन साल से रणथंभौर से तालडा रेंज के भिड़ नाका स्थित एनक्लोजर में कैद था और मंगलवार सुबह उसे उदयपुर के लिए रवाना किया गया था। वन विभाग के अधिकारियों ने टी—104 के मौत की पुष्टि तो की है लेकिन मौत के कारणों का खुलासा नहीं किया।



**रात में पानी भी पीया, खाना भी खाया**

उदयपुर सज्जनगढ़ सेंचुरी के डीएफओ अजय चित्तौड़ा ने बताया साढ़े 6 साल के बाघ इस टी-104 को इंसानों की जान लेने पर जंगल से बाहर कर उदयपुर शिफ्ट किया था। टाइगर टी 104 की मौत का हमें अलसुबह पता लगा। गर्मी ज्यादा होने पर उसे रणथम्भौर से एसी वाहन में वाया रोड़ लेकर उदयपुर आए थे। शाम को उसे बायोलॉजिकल पार्क में सुरक्षित छोड़ा था। रात में उसने पानी पीया और थोड़ा खाना भी खाया था। अचानक उसकी तबीयत रात में ही बिगड़ी है।

**इंसानों को खतरा बताकर भेजा था उदयपुर**

नेशनल टाइगर कंजर्वेशन अथोरिटी ने टाइगर टी 104 की शिफ्टिंग को लेकर एक कमेटी का गठन किया था। उसके स्वभाव के अध्ययन के लिए बनी कमेटी ने उसे उग्र तथा इंसानों के लिए खतरा बताया था। जिसके बाद उसे रणथंभौर से हमेशा के लिए उदयपुर के सज्जनगढ़ स्थित बायोलॉजिकल पार्क भेजने का निर्णय लिया था। जबकि वह साढ़े तीन साल से रणथंभौर के भिड़ नाके के एनक्लोजर में कैद था।

**तीन लोगों की ले चुका था जान-** बाघ 104 को रणथंभौर का सबसे खूंखार बाघ इसलिए माना जाता था कि वह बेहद उग्र था और तीन लोगों की जान ले चुका था। हालांकि वह रणथंभौर सेन्चुरी के सबसे खूबसूरत बाघों में शुमार था। 30 जुलाई 2019 को उसने करौली के दुगेशी घाटा गांव में रामचंद माली, 12 सितंबर 2019 करौली के सिमिर बाग गांव में पिंटू सैनी और फरवरी 2019 में एक महिला पर हमला कर उसका शिकार कर लिया था।

**उदयपुर बाघों के लिए मुफीद नहीं रहा, इससे पहले टी-24 की मौत चुकी**

उदयपुर की आवोहवा कभी बाघों के लिए मुफीद हुआ करती थी। टी 104 के उदयपुर आते ही दम तोडऩे से इस बात को हवा लगी है। इससे पहले उस्ताद नाम से मशहूर बाघ टी—24 की गए साल अक्टूबर में मौत हो चुकी है। हालांकि बोन कैंसर के चलते उसकी मौत हुई लेकिन पशुविज्ञानियों का कहना है कि अब उदयपुर का मौसम बाघों के अनुकूल नहीं। सत्तर के दशक के बाद यहां से बाघ लुप्त हो गए थे और उसके बाद यहां के मौसम में गर्मी का असर लगातार बढ़ रहा है।